नर सेवा

नारायण सेवा



केशव माधव चिकित्सालय, वृन्दावन, ब्रजधाम

सोसाइटी का आगामी १२वाँ चिकित्सालय



पहला वार्षिक कैलेंडर प्रकाशित किया



रीढ़ की हड्डी के ऑपरेशन शुरू

# स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी

## तिमाही वृतांत
## जनवरी-मार्च'2022

# अंक विशेष

## संपादक की कलम से:

चौथी और अंतिम तिमाही भी सोसाइटी के लिए उपलब्धियां और नए प्रकल्प लेकर आई।

इस तिमाही का मुख्य आकर्षण रहा वृंदावन, मथुरा में सोसाइटी के १२वें चिकित्सालय का भूमि पूजन। ७ एकड़ भूमि में फैला व ३०० शय्याओं वाला यह सुपर स्पेशलिटी धर्मार्थ चिकित्सालय अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा। यह चिकित्सालय साधु-संतों, विधवाओं एवं आर्थिक व सामाजिक रुप से अशक्त व्यक्तियों के लिए पूर्णतः निःशुल्क रहेगा।

सोसाइटी ने २०२२ के लिए अपना प्रथम वार्षिक कैलेंडर भी प्रकाशित किया। तेरह पृष्ठ के इस सुरम्य कैलेंडर में सोसाइटी के सभी चिकित्सालयों के चित्रों के साथ-साथ उन धार्मिक तीर्थ स्थलों के भी चित्र है जहां पर ये चिकित्सालय स्थित हैं या उनके मार्ग में हैं। हमारे चिकित्सालयों में उपलब्ध सुविधाओं का भी इस कैलेंडर में उल्लेख है।

पिछली तिमाही के दिसम्बर माह में शुरू हुआ सामुदायिक संपर्क अभियान जनवरी के महीने में जारी रहा और समाज के सभी वर्गों से स्नेह और सम्मान मिलता रहा।

धर्मावाला चिकित्सालय में स्पाइन ओपीडी और सर्जरी सुविधा की शुरुआत सोसायटी की एक ओर पहल थी। यहां एक उल्लेखनीय तथ्य यह है कि स्पाइन सर्जरी का सम्पूर्ण व्यय अन्य चिकित्सालयों की तुलना में कुल लागत का केवल 5-10% ही होता है और यह निम्न सामाजिक व आर्थिक स्तर वाले रोगियों के लिए वरदान समान साबित हो रहा है।

सोसाइटी ने श्री सत्य साईं संजीवनी इंटरनेशनल सेंटर फॉर चाइल्ड हार्ट केयर एंड रिसर्च, पलवल, हरियाणा के साथ निःशुल्क बाल हृदय रोग परामर्श और सर्जरी के लिए सहयोग किया है। केंद्र प्रत्येक माह के तीसरे रविवार को सोसाइटी के हरिद्वार चिकित्सालय में निःशुल्क पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी ओपीडी आयोजित कर रहा है और साथ ही सोसाइटी के अन्य चिकित्सालयों द्वारा रेफर किए गए किसी भी रोगी का उनके केंद्र में निःशुल्क ऑपरेशन भी करेगा।

कोविड के तीसरी लहर के समय सोसाइटी के सभी चिकित्सालयों ने अपनी सेवाओं को पूरी तरह से यथावत रखा और ओपीडी के साथ-साथ आईपीडी में भी रोगियों का उपचार होता रहा।

अंत में उत्सव और त्योहार खुशी और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाए गए। तिमाही के अंतिम महीने में आयोजित होने वाले वार्षिक खेल उत्सवों में सोसाइटी के स्टाफ ने अपने क्रीड़ा कौशल का भी प्रदर्शन किया।

सोसाइटी अब बहुत सारी आशाओं, विश्वासों और सपनों को साकार करने के लिए अगले वर्ष में प्रवेश करने के लिए तैयार है एवं अपने संरक्षकों और अभिभावकों द्वारा प्रदान किए गए अपार सहयोग व समर्थन के लिए हृदय से आभारी है।


03
तिमाही विशेष

04-05
समारोह एवं उल्लेखनीय घटनाएँ

06
रविवारीय मल्टी डिसिप्लिनरी और सुपर स्पेशियलिटी शिविर

07
सामुदायिक चिकित्सा शिविर

08
सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

09
आंकड़े




पीपलकोटी : सामुदायिक चिकित्सा शिविर
13 जनवरी: लांझी, पोखनी और हुदा गांव

# तिमाही विशेष

## सोसाइटी का १२वाँ चिकित्सालय

### केशव माधव चिकित्सालय, वृन्दावन, ब्रजधाम

**27 मार्च**




मंचासीन मुख्य अतिथिगण : (बाएं से दाएं)
डॉ स्वामी रामेश्वरानंद जी महाराज; संत श्री विजय कौशल जी महाराज;
महामंडलेश्वर पूज्य स्वामी गुरुशरणानंद जी महाराज; श्री दत्तात्रेय होसबले जी (सरकार्यवाह, RSS);
पूज्य श्री भोले जी महाराज और पूज्य माता श्री मंगला जी (द हंस फाउंडेशन);
सुश्री हेमा मालिनी जी; श्री नारायण दास अग्रवाल जी (कुलपति-GLA विश्वविद्यालय, मथुरा)।

### "भूमि पूजन समारोह"

स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी के लक्ष्य को परिभाषित करता वृन्दावन ब्रजधाम की पावन धरती पर उनका १२ वां प्रकल्प "केशव माधव चिकित्सालय" का भूमि पूजन दिनांक २७ मार्च को विधिवत वैदिक रीति व विधि विधानों के साथ संपन्न हुआ।
७ एकड़ में फैला व ३०० शय्याओं वाला यह सुपर स्पेशलिटी धर्मार्थ चिकित्सालय अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा एवं साधु-संतों, विधवाओं एवं आर्थिक व सामाजिक रुप से अशक्त व्यक्तियों के लिए पूर्णतः निःशुल्क रहेगा।
चिकित्सा के उच्चतम मापदंडों को छूता, यह चिकित्सालय स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी के ध्येय वाक्य "नर सेवा नारायण सेवा" को यथावत रख नए कीर्तिमान स्थापित करेगा व अपने अन्य चिकित्सालयों की तरह निस्वार्थ सेवा भाव से परिपूर्ण होगा।

## धर्मावाला चिकित्सालय में स्पाइन क्लिनिक एवं रीढ़ की हड्डी के ऑपरेशन शुरू

**27 फरवरी**



धर्मावाला चिकित्सालय जैसे दूरस्थ स्थान पर रीढ़ की हड्डी से सम्बंधित रोगों की ओ.पी.डी. के साथ-साथ उसके ऑपरेशन सुविधा की शुरुआत कर SVHM सोसाइटी द्वारा किये जा रहे सेवा कार्यों में एक नया अध्याय उदयमान किया है।
धर्मावाला चिकित्सालय में अन्य चिकित्सालयों की तुलना में रीढ़ के हड्डी के ऑपरेशन का व्यय कुल लागत का 5 - 10% ही होता है। यह किसी भी अन्य चिकित्सालय की तुलना में नगण्य है | निम्न व मध्यम वर्ग के रोगियों के लिए यह सुविधा वरदान समान साबित हो रही है।

## सोसाइटी ने पहला वार्षिक कैलेंडर प्रकाशित किया।

**12 जनवरी**



स्वामी विवेकानन्द जयंती के पावन अवसर पर, सोसाइटी ने 2022 के लिए अपना प्रथम वार्षिक कैलेंडर प्रकाशित किया है। हमारे चिकित्सालयों में उपलब्ध सुविधाओं का भी इस कैलेंडर में उल्लेख है जिससे यह और अधिक जानकारी से पूर्ण और उपयोगी हो गया है। साथ ही यह कैलेंडर स्वामी विवेकानन्द जी के प्रेरणादायक सुविचारों से सुशोभित भी है।

देखने के लिये यहाँ क्लिक करें https://svhmuk.in/svhm-societys-calendar/

## "बाल गोकुलम" - बच्चों के लिए संस्कार केंद्र का शुभारम्भ

**20 फरवरी**



SVHM शिक्षा अभियान के अंतर्गत "बाल गोकुलम" नामक एक नई पहल का उद्घाटन 20 फरवरी 2022 को स्वामी रामप्रकाश धर्मार्थ चिकित्सालय हरिद्वार में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को हिंदू संस्कृति एवं सनातन संस्कारों को एक सरल तरीके से सिखाना और मानवता के प्रति सेवा की भावना को जागृत करना है।

## हरिद्वार चिकित्सालय में पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी ओ.पी.डी एवं ऑपरेशन की सुविधा का शुभारम्भ

**20 फरवरी**




SVHM सोसाइटी ने अपने लक्ष्य में एक नया अध्याय जोड़ते हुए "श्री सत्य साई संजीवनी इंटरनेशनल सेंटर फॉर चाइल्ड हार्ट केयर एंड रिसर्च, पलवल, हरियाणा" के साथ मिलकर निःशुल्क बाल हृदय रोग ओ.पी.डी. और ऑपरेशन की सुविधा की शुरुआत की है।
प्रत्येक माह के तीसरे रविवार को सोसाइटी के हरिद्वार चिकित्सालय में निःशुल्क पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी ओ.पी.डी. आयोजित की जा रही है और साथ ही सोसाइटी के चिकित्सालयों द्वारा रेफर किए गए किसी भी रोगी का उनके केंद्र में निःशुल्क ऑपरेशन होगा।

# समारोह

## गणतंत्र दिवस



## श्री माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर जयंती



## स्वामी विवेकानन्द जयंती



## शिवरात्रि



## होली



## श्री गुरु तेग बहादुर जी का 400वां प्रकाश पर्व



# उल्लेखनीय घटनाएँ

## 19 मार्च — शाश्वत आत्मा को नमन



धर्मावाला चिकित्सालय के समस्त स्टाफ ने स्वर्गीय श्री शशिकांत दीक्षित जी (क्षेत्रीय कार्यवाह, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं SVHM सोसाइटी के पालक अधिकारी) के दुखद निधन पर शोक सभा कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे श्री शशिकांत दीक्षित जी ने 17 मार्च 2022 को अंतिम सांस ली और इस दुनिया से विदा हो गए ।श्री शशिकांत दीक्षित जी ने कई बार धर्मावाला चिकित्सालय का प्रवास किया था और हमें अपनी बहुमूल्य अंतर्दृष्टि और मार्गदर्शन से अनुग्रहित किया था । सोसाइटी उनके इस सेवा भाव के लिए हमेशा कृतज्ञ रहेगी और हमारे अभिभावक के रूप में उनके योगदान के लिए सदैव ऋणी रहेगी।

## "जन सम्पर्क अभियान"



बड़कोट



मनेरी



पीपलकोटी



नारायणकोटी



पेटशाल



हरिद्वार

## 10 जनवरी — स्वास्थ्य शिक्षा सत्र




डॉ. ताराश्री सिंघल (धर्मावाला चिकित्सालय ) द्वारा सेवा प्रकल्प संस्थान, विकासनगर की संचालिकाओं के लिए मासिक धर्म स्वच्छता एवं स्तन और ग्रीवा कैंसर के कारणों, लक्षणों एवं बचाव से सम्बंधित एक जागरूकता सत्र लिया गया।

## 15 जनवरी — पीपीई किट के उपयोग पर एक प्रशिक्षण सत्र



हरिद्वार चिकित्सालय में PPE किट को कैसे पहनना है और निकालना है, इस पर एक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया।

## 10, 21 जनवरी एवं 10 मार्च — वेबिनार सत्र



डॉ. संजय शाह, वरिष्ठ चिकित्सक, हरिद्वार चिकित्सालय द्वारा विभिन्न विषयों पर 4 वेबिनार सत्र लिए गए। इन सत्रों में सोसाइटी के चिकित्सालयों के सभी डॉक्टरों ने भाग लिया।

## 23 जनवरी — प्रथम वार्षिकोत्सव समारोह हरिद्वार चिकित्सालय



कार्यक्रम का शुभारम्भ हवन पूजा के साथ हुआ जिसके बाद उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने स्वामी विवेकानन्द जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।
इसके बाद चिकित्सालय की गत एक वर्ष की यात्रा एवं उपलब्धियों पर आधारित एक मनमोहक वृत्तचित्र का प्रदर्शन किया गया।
तत्पश्चात विशिष्ट अतिथियों के उदबोधन हुए जिसमें सभी ने चिकित्सालय द्वारा दी जा रही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल और सुविधाओं की भरपूर सराहना की।

## वार्षिक खेल महोत्सव (क्रिकेट, बैडमिंटन, शतरंज, लूडो, कैरम और रस्साकशी)



धर्मावाला



हरिद्वार

# रविवारीय मल्टी डिसिप्लिनरी और सुपर स्पेशियलिटी शिविर

**कुल शिविर: 14**

## धर्मावाला एवं हरिद्वार

**कुल लाभार्थी: 3879**


धर्मावाला
शिविर में पंजीकरण की पंक्ति


हरिद्वार
शिविर के दौरान नि:शुल्क भोजन वितरण


धर्मावाला


धर्मावाला

शिविर में हुए कुल ऑपरेशन 47


हरिद्वार


हरिद्वार

## स्पेशियलिटी शिविर नारायणकोटी, पीपलकोटी एवं पेटशाल


पीपलकोटी

शिविर में हुए कुल ऑपरेशन: 27


नारायणकोटी

ऑपरेशन एवं हड्डी रोग चिकित्सा शिविर

कुल लाभार्थी: 90


पेटशाल
ऑपरेशन शिविर

शिविर में हुए कुल ऑपरेशन: 6

कुल लाभार्थी: 78




पीपलकोटी

**नेत्र चिकित्सा शिविर:** शिविर में 122 रोगियों ने पंजीकरण कर सुविधाओं का लाभ उठाया। शिविर में कुल 33 मोतियाबिंद रोगियों की पहचान की गई, जिनका हरिद्वार चिकित्सालय में नि:शुल्क ऑपरेशन किया जाएगा।.

# सामुदायिक चिकित्सा शिविर

## पीपलकोटी, नारायणकोटी, हरिद्वार एवं पेटशाल

### पीपलकोटी



4 जनवरी
पाखी गांव

15 जनवरी
करछो गाँव

**अगम्य तक पहुँच**

**कुल शिविर: 29; लाभार्थी: 2464**

### नारायणकोटी



5 जनवरी
अगस्त्यमुनि गाँव



9 फरवरी
पठाली गांव



7 फरवरी
त्रिजुगीनारायण गांव

### हरिद्वार



8 मार्च
डालूवाला गांव



9 मार्च
रानीमाज़रा गांव



12 मार्च
धनौरी गांव

### पेटशाल



22 फरवरी
अन्डोली गांव



4 मार्च
बाग़ पाली गांव



24 मार्च
शेर घाट गांव

# सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम धर्मावाला

## सामुदायिक महिला स्वास्थ्य कार्यक्रम

संपर्क किये गए घर: 1418

उपचाराधीन लाभार्थी: 738

फॉलोअप किए गए लाभार्थी: 2542

- एनीमिया की रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम
  - पंजीकृत लाभार्थी: 880
- स्तन एवं ग्रीवा के कैंसर की जागरूकता, जाँच एवं चिकित्सा कार्यक्रम
  - एलिजिबल लाभार्थी: 11
  - कुल स्क्रीनिंग: 11
- My Pad (Menstrual Hygiene) कार्यक्रम:
  - MY PAD लाभार्थियों की संख्या: 56
  - कुल वितरित REUSABLE सेनेटरी पैड: 100



खून में हीमोग्लोबिन स्तर की जाँच (फॉलोअप विजिट)

खून में हीमोग्लोबिन स्तर की जांचें (फॉलोअप विजिट) : 447

स्तन एवं ग्रीवा के कैंसर कार्यक्रम के परामर्श सत्र में भाग लेने वाली महिलाओं की संख्या: 294

Menstrual Hygiene कार्यक्रम के संबंध में व्यक्तिगत परामर्श (counselling) सत्र में भाग लेने वाली किशोरियों और मासिक धर्म वाली महिलाओं की संख्य : 588



स्तन एवं ग्रीवा के कैंसर कार्यक्रम का जागरुकता सत्र (फॉलोअप विजिट)



My Pad लाभार्थी

## सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

- संपर्क किए गए लाभार्थी: 1433
- संदिग्ध मनोरोगी: 117
- प्रो. डॉ. सागर लवानिया से परामर्श के बाद कुल मनोरोगी की पुष्टि: 40

मनोरोग ओ.पी.डी. (टेली/वीडियो परामर्श)



ओ.पी.डी. में मनोरोगी से वीडियो परामर्श करते हुए प्रो. डॉ. सागर लवानिया, वरिष्ठ मनोचिकित्सक, आगरा एवं साथ में धर्मावाला की साइकोलॉजिस्ट डॉ.शालिनी

वीडयो परामर्श के माध्यम से देखे गये कुल मानसिक रोगी: 216




मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के दौरान जागरूकता सत्र




मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा सत्र


प्राथमिक और जूनियर उच्च राजकीय विद्यालयों में फरवरी और मार्च के दौरान 3 समूह परामर्श सत्र आयोजित किए गए।

# आंकड़े





नोट: हमारे गंगोत्री, बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम स्थित चिकित्सालय चार धाम यात्रा सीजन में ही कार्यरत रहते हैं, तीनो धामों के कपाट बंद होने के कारण वर्तमान में कार्यरत नहीं हैं।




केवल धर्मावाला और हरिद्वार चिकित्सालयों में उपलब्ध सुविधाएं




अल्ट्रासाउंड सुविधा केवल धर्मावाला, हरिद्वार एवं पीपलकोटी चिकित्सालयों में उपलब्ध है।
TIFFA (स्तर II) स्कैन धर्मावाला एवं हरिद्वार चिकित्सालय में उपलब्ध है।

| चिकित्सालय | सर्जरी (441) | |
|---|---|---|
| | मेजर | माइनर |
| धर्मावाला | 219 | 86 |
| नारायणकोटी | 5 | 25 |
| बड़कोट | 0 | 52 |
| पीपलकोटी | 12 | 7 |
| पेटशाल | 5 | 5 |
| हरिद्वार | 18 | 7 |
| कुल | 259 | 182 |

सर्जरी में शामिल हैं: सामान्य, महिला रोग, यूरो, ई.एन.टी., ऑर्थो, स्पाइन, मैक्सिलो-फेशियल और नेत्र सर्जरी

| | |
|---|---|
| कुल कोविड वैक्सीनेशन | 867 |
| कोविशील्ड | 744 |
| कोवैक्सिन | 123 |
| सी टी स्कैन | 822 |
| एंडोस्कोपी | 117 |
| यूरोफ्लोमेट्री | 99 |
| ईको (ECHO) | 57 |
| ऑडियोमेट्री | 40 |
| मनोवैज्ञानिक परामर्श | 2099 |
| जीवन शैली से सम्बंधित विकार | 1104 |
| मानसिक रोग (मनोरोग जाँच एवं परामर्श, मनोचिकित्सा सत्र) | 518 |
| ऑपरेशन से पहले एवं ऑपरेशन के बाद | 477 |

नोट: उपरोक्त सुविधाएं केवल धर्मावाला चिकित्सालय में उपलब्ध हैं

| चिकित्सालय | लैब टेस्ट | इमरजेंसी | एक्स रे | ई सी जी | प्लास्टर |
|---|---|---|---|---|---|
| धर्मावाला | 21640 | 556 | 3257 | 1011 | 181 |
| मनेरी | 175 | 5 | 69 | 4 | 9 |
| नारायणकोटी | 3863 | 152 | 595 | 380 | 50 |
| बड़कोट | 1587 | 14 | 832 | 53 | 174 |
| पीपलकोटी | 2829 | 110 | 449 | 205 | 35 |
| पेटशाल | 1562 | 87 | 362 | 33 | 60 |
| हरिद्वार | 8233 | 271 | 992 | 628 | 60 |
| कुल | 39889 | 1195 | 6556 | 2314 | 569 |

| 53958 | 441 | 1195 | 6556 | 3955 | 39889 |
|---|---|---|---|---|---|
| पंजीकरण | सर्जरी | इमरजेंसी | एक्स-रे | अल्ट्रासाउंड | लैब जाँच |

नर सेवा नारायण सेवा

# स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी

*For Domestic Donations*

***Account details:***

*Swami Vivekanand Health Mission Society*

*A/C No: 32584491256*

*IFSC Code: SBIN0010626*

*Branch Name: CST Herbertpur, Dehradun*

आपका अमूल्य दान



एक वरदान

Contact us :

svhmuk@gmail.com

Visit us :

svhmuk.in

twitter.com/svhmuk/

facebook.com/svhmu/

instagram.com/svhmuk/

सभी दान आयकर अधिनियम, *1961* की धारा *80G* के तहत कर-मुक्त हैं।



धर्मावाला, देहरादून



मनेरी, गंगोत्री मार्ग



नारायणकोटी, केदारनाथ मार्ग



बड़कोट, यमुनोत्री मार्ग



पीपलकोटी, बद्रीनाथ मार्ग



श्री बद्रीनाथ धाम, चमोली



पेटशाल, जागेश्वर धाम मार्ग



श्री केदारनाथ धाम, रुद्रप्रयाग



हरिद्वार



गंगोत्री धाम, उत्तरकाशी



साधना केंद्र आश्रम, डुमेट, देहरादून

> "जो संघर्ष करता है वह उससे बेहतर है जो कभी प्रयास नहीं करता।"
>
> - स्वामी विवेकानन्द